धर्म से जुड़ने पर ही मंगल : महाश्रमण

आठ दिवसीय प्रवास के लिए सूर्यनगरी में मंगलप्रवेश

जोधपुर
jodhpur@patrika.com

आचार्य महाश्रमण ने कहा कि धर्म से बड़ा मंगल जीवन में कोई नहीं है। जीवन में यदि धर्म जुड़ जाए तो जीवन स्वतः ही मंगल हो जाता है। चौपासनी स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल परिसर में मंगलवार को आयोजित धर्म सभा में आचार्य महाश्रमण ने कहा कि धर्म के तीन आयाम अहिंसा, संयम और तप है। मात्र नाम व दिखावे से व्यक्ति धार्मिक नहीं होता। नाम से महावीर, राम नहीं बल्कि मनुष्य को लगातार सद्कर्म करते रहना चाहिए। जिसके जीवन में अहिंसा, संयम, तप और धर्म हो वही धार्मिक है। उन्होंने कहा कि मोक्ष प्राप्ति के लिए सम्प्रदाय तो एक सहायक साधन है। सम्प्रदाय के बिना भी मनुष्य का कल्याण हो सकता है लेकिन धर्म बिना संभव नहीं है। सम्प्रदाय के ऊपर सत्य होता है। मनुष्य के लिए सम्प्रदाय तो केवल फल की सुरक्षा के लिए बने छिलके की तरह है। आत्मा के संदर्भ में हमे सम्प्रदाय से मोह नहीं करना चाहिए।

स्वागत में उमड़े श्रद्धालु

तेरापंथ धर्म संघ के 11 वें अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में अहिंसा यात्रा बड़ली ग्राम से पैदल विहार कर मंगलवार सुबह 8 बजे चौपासनी स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। धर्म सभा में रामस्नेही संत रामप्रसाद ने जीवन में गुरु और सत्संग का महत्व बताया। पूर्व सांसद गजसिंह ने मायड़ भाषा में उद्बोधन के दौरान कहा कि महाश्रमण का आठ दिवसीय प्रवास सूर्यनगरवासियों के जीवन के लिए बहुपयोगी सिद्ध होगा। पूर्व पार्षद प्रदीप गांग ने स्वागत उद्बोधन दिया। सभा में मुनि जिनेश कुमार, मुनि सुमेरमल, सोहनराज तातेड़, बाबूलाल सिंघवी संयोजक आचार्य प्रवास व्यवस्था समिति एवं विजय मेहता, आशीष तिवाड़ी, हनवंतराज मेहता ने विचार व्यक्त किए। स्कूल परिसर में दोपहर को दम्पती शिविर का आयोजन किया गया। जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद जोधपुर के पदाधिकारियों ने भी महाश्रमण का स्वागत किया।

शोभायात्रा आज

आठ दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन शोभायात्रा बुधवार सुबह 7 बजे पाल रोड भंसाली भवन से आरंभ होकर अमर नगर स्थित तेरापंथ भवन पहुंचेगी। सुबह 9.30 बजे राजाराम शिक्षण संस्थान पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8.30 बजे समय का मूल्यांकन विषयक प्रवचन होंगे।

अहिंसा सर्कल का लोकार्पण कल

पाल रोड गुलाब नगर में नवनिर्मित अहिंसा सर्कल का लोकार्पण 20 जून को सुबह 7 बजे आचार्य महाश्रमण करेंगे। आचार्य महाश्रमण गुलाब नगर कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक गणपत सालेचा ने बताया कि क्षेत्र में स्थित पार्श्वनाथ सभाग्रह में आचार्य महाश्रमण जीवन जीने की कला विषय पर विशेष प्रवचन देंगे।

स्वागत आचार्य महाश्रमण के स्वागत में गीतिका प्रस्तुत करतीं जैन समाज की महिलाएं।



आशीर्वाद संस्कार इंटरनेशनल स्कूल परिसर में मंगलवार को आयोजित धर्म सभा में आचार्य महाश्रमण से आशीर्वाद प्राप्त करते पूर्व सांसद गजसिंह तथा उपस्थित श्रद्धालु।

युवक परिषद बसंत तातेड़.

आचार्य महाश्रमण का सूर्यनगरी में मंगल प्रवेश

जोधपुर। तेरापंथ के नामकरण की ऐतिहासिक स्थली सूर्यनगरी में मंगलवार को तेरापंथ धर्म संघ के 11 वें अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण का 'धवल सेना' के साथ मंगलप्रवेश करने पर स्वागत किया गया। आठ दिवसीय जोधपुर प्रवास के दौरान आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में दीक्षा, किशोर सम्मेलन, अणुव्रत कार्यशाला, आचार्य तुलसी पुण्यतिथि जैसे कई धार्मिक समारोह आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार सुबह बड़ली ग्राम से अहिंसा यात्रा आरंभ होकर चौपासनी स्थित संस्कार इंटरनेशनल स्कूल पहुंची। बसंत तातेड़ युवक परिषद अध्यक्ष

जोधपुर पहुंचने पर आचार्य का स्वागत

पत्रिका 19/8/13

सुबह साढ़े सात बजे आचार्य महाश्रमण जब साधु-साध्वियों के साथ संस्कार इंटरनेशनल स्कूल पहुंचे तो जैन समुदाय के लोगों ने उनकी अगवानी की। कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष बसंत तातेड़, आचार्य प्रवास व्यवस्था समिति के संयोजक बाबूलाल सिंघवी, कैलाशराज सिंघवी, उम्मेदमल सिंघवी, शांतिलाल चौपड़ा, विजयराज मेहता, हनुवंतराज मेहता, डॉ. एकलव्य भंसाली, भोपालचंद लोढ़ा, विमलराज सिंघवी, सुशीला बोहरा, सरिता कांकरिया, सुशीला भंसाली, छत्रसिंह भंडारी, प्रो. सोहनराज तातेड़, कैलाश टाटिया, जिला प्रमुख दुर्गा बलाई सहित अनेक लोग उपस्थित थे। आचार्यश्री प्रवास व्यवस्था समिति के प्रवक्ता कैलाशराज सिंघवी ने बताया कि आचार्य महाश्रमण बुधवार सुबह पाल रोड भंसाली भवन पहुंचेंगे। यहां से रैली के रूप में अमर नगर में प्रवेश करेंगे। यहां महाश्रमण का स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। सुबह नौ बजे 'विकास की दिशा' व रात्रि साढ़े आठ बजे 'समय का मूल्यांकन' विषय पर महाराज राजाराम शिक्षण संस्थान अमर नगर में कार्यक्रम होंगे।